
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें





teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

पुण्यतिथि विशेष

10 मार्च 2025

Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

**शिक्षा स्वर्ग का द्वार खोलती है और**

**आत्मज्ञान का अवसर देती है।**



**सावित्रीबाई फुले**

( समाज सुधारक )

जन्म: **03** जनवरी **1831** मृत्यु: **10** मार्च **1897**

राकेश कुमार

10 मार्च 2025

Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

प्रेरणा किसी कार्य को आरम्भ करने में सहायता करती है

और आदत उस कार्य को जारी रखने में सहायता करती है।



- आचार्य विनोबा भावे

*Vishwa Vijay Singh*

www.teachersofbihar.org

Teachers of Bihar
The Change Makers

Email us : teachersofbihar@gmail.com

# दिवस ज्ञान

**10 मार्च**

Gyan Drishti

Diwas Gyan

विक्रम संवत् 2081, फाल्गुन माह, शुक्ल पक्ष, एकादशी तिथि, सोमवार 10 मार्च 2025

संपादक – शशिधर उज्ज्वल मोबाइल न0– 7004859938 email : ujjawal.shashidhar007@gmail.com

## आज का विचार

**जो लोग सफल बनना चाहते हैं, उन्हें कठोर परिश्रम करना पड़ता है।**

**Those who want to be successful have to work hard.**

DIWAS GYAN

## आज के दिन

**1897– भारत की पहली महिला शिक्षक सावित्रीबाई फुले का निधन हुआ।**

## वार्षिक मूल्यांकन 2025

**प्रथम पाली : 10:00 से 12:00 बजे**


**कक्षा 1–2 के लिए गणित (मौखिक)**

**द्वितीय पाली : 01:00 से 03:00 बजे**

**कक्षा 1–2 के लिए अंगजी (मौखिक)**

1. **दुनिया का पहला टेलीफोन कॉल–** 10 मार्च, 1876 ई. को दुनिया का पहला टेलीफोन कॉल किया गया था। ग्राहम बेल और थॉमस वाटसन दो अलग–अलग कमरो में कार्य कर रहे थे। तभी अचानक ग्राहम बेल के ऊपर एसिड गिर गया। वे मदद के लिए वाटसन को बोलते हैं 'मिस्टर वाटसन यहाँ आओ, मुझे आपकी जरूरत है।' ये सुनते ही वाटसन ग्राहम के मदद के लिए जाते हैं। वाटसन ग्राहम को बोलते हैं कि तार के द्वारा उनकी आवाज दूसरे कमरे में भी साफ सुनाई दे रही थी। ग्राहम ये सुनते ही एसिड की जलन को भूल जाते हैं तथा खुशी के मारे झुम उठते हैं। इस प्रकार दुनिया का पहला टेलीफोन कॉल सफल तरीके से हो पाया।
   - **संदर्भ: विज्ञान भाग 3 पाठ 18 ध्वनि** से जोड़कर बच्चों को बतायें तथा माचिस की डिब्बियों से ध्वनि यंत्र का निर्माण कर गतिविधि करवायें।
2. **केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल स्थापना दिवस–** केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की स्थापना 10 मार्च, 1969 ई. को की गई थी। यह भारत का एक पैरामिलिट्री सुरक्षा बल है। इसका मुख्य कार्य सरकारी कारखानों और अन्य सरकारी उपक्रमों को सुरक्षा प्रदान करना है इसके अलावे बंदरगाहों और हवाई अड्डों को सुरक्षा प्रदान करना, आपदा प्रबंधन कार्य में सहायता करना है।
3. **अंतर्राष्ट्रीय महिला न्यायाधीश दिवस–** हर साल 10 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला न्यायाधीश दिवस मनाया जाता है, जो न्यायपालिका में महिलाओं की भूमिका को मान्यता देने और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 26 अप्रैल, 2021 को 10 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला न्यायाधीश दिवस के रूप में घोषित किया था। क्या आप जानते हैं कि भारत के हाईकोर्ट की प्रथम महिला न्यायाधीश (1937) अन्ना चाण्डी थी। भारतीय सर्वोच्च न्यायालय के प्रथम महिला न्यायाधीश फातिमा बीवी थी।

## दिवस प्रेरणा 46



### दमित्री मेंडलीव

( मेंडलीव आवर्त सारणी के निर्माता )

संघर्षों से तपकर निकला तत्व सारणी ...

**संघर्ष**

दमित्री मेंडलीव के जन्म के थोड़े ही समय के बाद उनके पिता मोतियाबिंद के कारण अंधे हो गए। घर पर खाने के लाले पड़े तो उनकी माता ने बाहर काम करना शुरू कर दिया। मां ने सात साल की आयु तक मेंडलीव को घर में ही पढ़ाया। उन्हें मास्को के मुख्य शिक्षक–प्रशिक्षण संस्थान दाखिला मिला। उसी साल टी.बी. से उनकी मां की मृत्यु हो गयी। खुद दमित्री मेंडलीव भी टी.बी. से संक्रमित हुए और डॉक्टर ने यहाँ तक कह दिया था कि उनके बचने की उम्मीद कम है लेकिन चमत्कारिक तरीके से वे बच गए।

**सफलता**

दमित्री मेंडलीव अपनी माता को कारखाने में काम करता देखते थे जहाँ बालू और चूने के पत्थरों को आग में गलाकर रंग–बिरंगा कांच बनाया जाता था। संभवतः चीजों के रूपांतरण की इस आकर्षक प्रक्रिया ने बालक दमित्री के मन को रसायन विज्ञान की तरफ खींचना शुरू कर दिया होगा। उन्होंने रसायन विज्ञान में डाक्टरेट की डिग्री हासिल की। 1887 में वे उसी सेंट पीटसबर्ग विश्वविद्यालय में प्रोफेसर थे, जिसने उन्हें दाखिला देने से मना कर दिया था। परमाणु के भार के सम्बन्ध में विख्यात वैज्ञानिक कैनिजारो के भाषण से प्रेरित होकर उन्होंने पीरियोडिक टेबल की परिकल्पना किया जिसके बिना आज रासायनिक शोधों की कल्पना भी नहीं की जा सकती।

संकलन : शशिधर उज्ज्वल. ई मेल- ujjawal.shashidhar007@gmail.com
प्रस्तुति: टीचर्स ऑफ बिहार. contact us : www.teachersofbihar.org

website: https://www.teachersofbihar.org/publication/diwasgyan https://www.teachersofbihar.org/publication/gyandrishti

# दिवस विशेष

10 मार्च

मधु प्रिया

## केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) स्थापना 10 मार्च

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की स्थापना 10 मार्च 1969 को भारत की संसद के अधिनियम के तहत केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन की गई थी तब से केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल अपना स्थापना दिवस प्रत्येक वर्ष 10 मार्च को मनाता है। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) एक अर्धसैनिक बल हैं, जिसका मुख्य कार्य सरकारी कारखानो एवं अन्य सरकारी उपक्रमों को सुरक्षा प्रदान करना है। ये बल देश के विभिन्न महत्वपूर्ण संस्थानों की भी सुरक्षा करता है। इस बल का गठन 1969 में हुआ था। आज इस बल की संख्या लगभग 1.50 लाख है। ये बल सरकारी उपक्रमों की सुरक्षा के आलावा देश के आंतरिक सुरक्षा, विशिष्ट लोगों की सुरक्षा, मेट्रो, परमाणु संस्थान, ऐतिहासिक धरोहरों आदि की भी सुरक्षा करता है। यह भारतीय केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल है, जो भारत सरकार के गृह मंत्रालय के लिए काम करता है। विश्व में, यह सबसे बड़ा औद्योगिक सुरक्षा बल है। इसकी 32 बटालियन में लगभग 170,000 का कार्यबल है।

Teachers of Bihar

The change makers

# पुण्यतिथि विशेष 10 मार्च




| | |
|---|---|
| **विशेष योगदान** | विधवा विवाह करवाना, छुआछात मिटाना, महिलाओं की मुक्ति और दलित महिलाओं को शिक्षित बनाना। |
| **अन्य जानकारी** | सावित्रीबाई फुले एक कवयित्री भी थीं। उन्हें 'मराठी की आदिकवयित्री' के रूप में भी जाना जाता था। |

# Teachers of Bihar
The Change Makers

**CLASS 3**
**EVS**

**ToB TLM**

## आओं खेलें मिट्टी से

* मिट्टी मानव जीवन का एक महत्वपूर्ण भाग है।
* यदि मिट्टी न हो तो पेड़-पौधे नहीं होगी फलस्वरूप धरती पर जीवन मुश्किल होगा।
* मिट्टी में खेलने से बच्चे की रचनात्मकता बढ़ती है।
* खेल- खेल में बच्चे अलग-अलग आकृति के खिलौने बनाते हैं।
* धूल- मिट्टी में खेलने का अर्थ केवल मिट्टी से नहीं होता, बल्कि प्रकृति से जुड़ना भी है।
* बच्चों को मिट्टी से खेलना बहुत अच्छा लगता है।
* हमारे घर में मिट्टी से बनी बहुत सारे वस्तुएं होती हैं।
* बच्चे मिट्टी का घरौंदा बनाना बहुत पसंद करते हैं।
* मिट्टी से अलग-अलग प्रकार के बर्तन भी बनाए जाते हैं।









पुनीता कुमारी

विज्ञान कॉर्नर

# विभिन्न तत्वों से परिचय

रसायनविज्ञान

वर्ग - 9-10

## लैंथेनाइड सीरीज
(Lanthanide series)

### लैंथेनाइड सीरीज के तत्व

La-57
Ce-58
Pr-59
Nd-60
Pm-61
Sm-62
Eu-63
Gd-64
Tb-65
Dy-66
Ho-67
Er-68
Tm-69
Vb-70
Lu-71

लैंथेनाइड सीरीज आवर्त सारणी के f block में आने वाले 14 रासायनिक तत्वों का समूह है। इन्हें दुर्लभ पृथ्वी तत्व कहा जाता है।ये लांथनम के बाद आते हैं। अतः इन्हें लैंथेनाइड कहा जाता है।

### उपयोग

चिकित्सा, परमाणु संयंत्र,प्रकाशीय व्यवस्था, कांच, चुंबक, कैंसर उपचार, टेलीविजन स्क्रीन आदि

Anu priya

# वैज्ञानिक कारण

SCIENCE

## कील नुकीला बनाया जाता है क्यों?

अधिक दाब लगाने के लिए कील को नुकीला बनाया जाता है, ताकि किसी वस्तु के अंदर आसानी से ठोंकी जा सके। नुकीला बनाने पर क्षेत्रफल कम होने के कारण दाब बढ़ जाता है।



Madhu priya

# बिहार दिवस विशेष

## आइए, अपने बिहार को जाने !

**01 मार्च से 22 मार्च**



नीतीश कुमार
बिहार के मुख्यमंत्री






आरिफ़ मोहम्मद ख़ान
बिहार के राज्यपाल

**21.** किऊल नदी, बिहार की सबसे छोटी नदी है। इसकी लंबाई **111** किलोमीटर है। यह गंगा की सहायक नदी है। यह झारखंड से शुरू होकर बिहार के जमुई और लखीसराय में बहती है।

**22.** मांगुर मछली, बिहार की राजकीय मछली है. साल **2008** में इसे बिहार का राजकीय मछली घोषित किया गया था. मांगुर मछली, मीठे और खारे पानी में पाई जाती है. यह वायुश्वासी प्रजाति की मछली है।

राकेश कुमार

TOB
खेल कॉर्नर

# वनडे में सबसे ज्यादा कैच



# वार्षिक परीक्षा 2025

संशोधित

## प्रारंभिक विद्यालयों के लिए

| तिथि | प्रथम पाली<br>समय: 10.00 पू. से 12.00 अप. | द्वितीय पाली<br>समय: 01.00 अप. से 03.00 अप |
|---|---|---|
| 10.03.2025 (सोमवार) | गणित<br>( कक्षा I एवं II के लिए मौखिक परीक्षा ) | अंग्रेजी<br>( कक्षा I एवं II के लिए मौखिक परीक्षा ) |
| 11.03.2025 (मंगलवार) | हिन्दी / उर्दू<br>( कक्षा I एवं II के लिए मौखिक परीक्षा ) | —— —— |
| 12.03.2025 (बुधवार) | गणित<br>(कक्षा III-V के लिए) | गणित<br>(कक्षा VI-VIII के लिए) |
| 17.03.2025 (सोमवार) | हिन्दी / उर्दू<br>( कक्षा III - V के लिए ) | हिन्दी / उर्दू<br>( कक्षा VI - VIII के लिए ) |
| 18.03.2025 (मंगलवार) | पर्यावरण अध्ययन<br>( कक्षा III - V के लिए ) | विज्ञान<br>(कक्षा VI-VIII के लिए) |
| 19.03.2025 ( बुधवार ) | सामाजिक विज्ञान<br>( कक्षा VI - VIII के लिए ) | संस्कृत<br>( कक्षा VI - VIII के लिए )<br>अहिंदी भाषी के लिए ( हिन्दी )<br>( कक्षा III-VIII के लिए ) |
| 20.03.2025 ( गुरुवार ) | अंग्रेजी<br>( कक्षा III - V के लिए ) | अंग्रेजी<br>( कक्षा VI - VIII के लिए ) |

www.teachersofbihar.org राकेश कुमार

# नदियों को जानें

**गोदावरी नदी** भारत की महत्त्वपूर्ण नदियों में से एक है। हिंदू पौराणिक कथाओं की **पवित्र सात नदियों** में इसका उल्लेख मिलता है। इसे **दक्षिण की गंगा** भी कहा जाता है।

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **10.03.2025**

## अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, शिक्षा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह छात्रों को अपने विचार व्यक्त करने, ज्ञान प्राप्त करने और विभिन्न दृष्टिकोणों को समझने का अधिकार प्रदान करती है, जिससे वे स्वतंत्र और जागरूक नागरिक बन सकें।


राकेश कुमार

# ToB बूझो तो जानें..



492

ऐसी कौन सी चीज़ है, जिसे हम देख नहीं सकते,
और ना ही चख सकते हैं , मगर खा सकते हैं
**.... बुझो तो जानें ?**




www.teachersofbihar.org

संजय कुमार


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
10 मार्च
CISF
अपनी कर्तव्यनिष्ठा से देश के औद्योगिक
प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के प्रति तत्पर रहने वाले
CISF
PROTECTION & SECURITY
संरक्षण एवं सुरक्षा
केन्द्रीय औद्योगिक
सुरक्षा बल
के स्थापना दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
www.teachersofbihar.org
Madhu priya


12 साल बाद
चैंपियंस ट्रॉफी
का चैंपियन बना 'भारत'
ऐतिहासिक जीत पर टीम इंडिया
को बहुत-बहुत बधाई
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
www.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
भारत की प्रथम महिला
अध्यापिका
सावित्रीबाई फुले
जी की पुण्यतिथि पर
शत्-शत् नमन।
जन्म-3 जनवरी 1831 - मृत्यु-10 मार्च 1897
Madhu priya
www.teachersofbihar.org